5. Sports facilities

15.i Games activity conducted

कोटली कालेज में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

निजी संवाददाता– कोटली

कोटली उपमंडल के तहत राजकीय महाविद्यालय कोटली में संयोजक प्रोफेसर मनोहर लाल के द्वारा चौथी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पूनम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इन्होंने दीप प्रज्वल कर तथा अपने विचारों द्वारा इस कार्यक्रम के आरंभ करने की अनुमति प्रदान की इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लड़कियों में तृतीय वर्ष की छात्रा योगिता ने प्रथम स्थान, अंजलि ने द्वितीय और डिंपल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में लड़कों में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र कुछ प्रथम रहे। पंकज द्वितीय और कमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही लंबी कूद प्रतियोगिता लड़कियों में प्रथम स्थान पर योग्यता, द्वितीय में नेहा और तृतीय स्थान अनीता ने प्राप्त किया और लड़कों में प्रथम स्थान राजीव, द्वितीय आशीष और तीसरा स्थान तरुण ने प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में लड़कियों में प्रथम स्थान कुसुम, द्वितीय वनिता, तीसरा स्थान नेहा ने प्राप्त किया। वहीं लड़कों में प्रथम स्थान सुनील कुमार, द्वितीय आशीष व तृतीय कमल ने प्राप्त किया।